प्रेस नोट थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर दिनांक 26.07.2024

टप्पेबाजी करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अदद कान का झाला व 2000 रूपये बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी/टप्पेबाजी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा के नेतृत्व में उ0नि0 विवेक कुमार मिश्रा मय हमराह के थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 631/2024 धारा 303(2),319(2),318(4),317(2)(4) बीएनएस व मु0अ0सं0 667/2024 धारा 309(4),317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त 1. गौतम कुमार चौहान पुत्र स्व0 इन्द्रदेव चौहान निवासी रानीबाग आजाद चौक थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, 2. सोनू डोम पुत्र मिन्टू निवासी रुद्रपुर थाना रुद्रपुर जिला देवरिया हा0मु0 एक्सीडेन्टल हास्पिटल रेलवे झोपड़पट्टी गेट नं0 1 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से दो अदद कान का झाला पीली धातु व 2000 रुपया नगद बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 16.07.2024 को वादिनी मुकदमा गुलरिहा चौराहा से आटो पर बैठी। इसी दौरान आटो में सवार 03 व्यक्ति पैसों की गड्डी निकालकर आपस में बांटने लगे एवं वादिनी को भी देने को कहने लगें। सुनसान जगह पर गाड़ी रोककर उतरने के बहाने वादिनी को गड्डी पकड़ा दिये तथा बदले में उनके जेवर व पैसे ले लिए तथा वादिनी को गाड़ी से धक्का देकर फरार हो गये। वादिनी द्वारा जब पैसो की गड्डी को देखा गया तो उसमे कागज का नकली गड्डी था। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 631/2024 धारा 303(2),319(2),318(4),317(2)(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

दिनांक 07.07.2024 को वादिनी मुकदमा भटहट बाजार में टेम्पू से उतरी तों टेम्पू में सवार व्यक्तियों द्वारा वादिनी का पर्स छीन लिया गया। पर्स में कान का झाला व 02 हजार रूपये थें। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 667/2024 धारा 309(4),317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

अपराध का तरीका-

अभियुक्तगण टैम्पू से अकेली महिला सवारी का इन्तजार करते जब कोई अकेली महिला मिलती है उसको बैठा लेते है। अभियुक्तगण नकली कागज से बने पैसो की गड्डी अपने साथ रखते। रास्ते में पैसो की गड्डी को आपस में बाटने के सबंध में बातचीत करते है तथा गाड़ी में बैठी महिला को भी देने की बात करते हैं। इसी दौरान रास्ते में सुनसान जगह पर किसी कार्यवश गाड़ी रोककर उतरने एवं गड्डी रखने के लिए महिला को दे देते है तथा बदले में महिला के किमती जेवर आदि उतरवा लेते है और बाद में महिला को उतारकर भाग जाते है। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व में भी विभिन्न जनपदों में इसी प्रकार का अपराध कारित किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. **गौतम कुमार चौहान पुत्र स्व0 इन्द्रदेव चौहान निवासी रानीबाग आजाद चौक थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर**

i. मु0अ0सं0 631/2024 धारा 303(2),319(2),318(4),317(2)(4) बीएनएस थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
ii. मु0अ0सं0 667/2024 धारा 309(4),317(2) बीएनएस थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर

2. सोनू डोम पुत्र मिन्टू निवासी रुद्रपुर थाना रुद्रपुर जिला देवरिया हा0मु0 एक्सीडेन्टल हास्पिटल रेलवे झोपड़पट्टी गेट नं0 1 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

i. मु0अ0सं0 317/2022 धारा 379,411,413,414 भा0द0सं0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
ii. मु0अ0सं0 137/2022 धारा 379,411 भा0द0सं0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
iii. मु0अ0सं0 631/2024 धारा 303(2),319(2),318(4),317(2)(4) बीएनएस थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
iv. मु0अ0सं0 667/2024 धारा 309(4),317(2) बीएनएस थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
v. मु0अ0सं0 016/2021 धारा 393 भा0द0सं0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

वाछिंत अभियुक्तगण-

1- अर्जुन पुत्र गिन्नू निवासी एक्सीडेन्टल हास्पिटल रेलवे झोपड़पट्टी गेट नं0 1 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2- राजू पुत्र प्रहलाद निवासी छोटे काजीपुर थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

1. दो अदद कान का झाला पीली धातु का ,
2. 2000 रुपया नगद

गिरफ्तारी की टीम-

1. प्र0नि0 शशिभूषण राय थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 विवेक कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी भटहट थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 जुगेश आनन्द थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
4. हे0का0 अमरनाथ यादव थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
5. हे0का0 सुदर्शन राय थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
6. का0 शिवजी थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
7. म0का0 पूनम मौर्या थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर